हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 1 अगस्त 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 अभियान का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और...



07 ऑपरेशन जागृतिः महिला अपराध की रोकथाम...



महिला कांग्रेस ने फूंका पुतला, जमकर की नारेबाजी

सांसद कंगना रनौत के बयान से मंदसौर में आक्रोश, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





सांसद कंगना रनौत द्वारा महिलाओं और युवाओं के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक व विवादित बयानों को लेकर मंदसौर में महिला कांग्रेस का गुस्सा फूट पड़ा। इस बयान के कड़े विरोध में 31 जुलाई को गांधी चौराहे पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव राखी सत्रावाला के नेतृत्व में एक विशाल और आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कंगना रनौत के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उनके खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया और चौराहे पर उनका पुतला दहन किया। भाजपा के इशारे पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रही महिला नेत्रियों पर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक व्यवहार किया लेकिन फिर भी महिला नेत्रियां पुतला जलाने में सफल रही।

प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव राखी सत्रावाला ने कहा कि जनप्रतिनिधि के पद पर बैठी महिला से समाज की महिलाओं और युवाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जाती है, लेकिन कंगना रनौत लगातार अपने अशोभनीय बयानों से देश की महिलाओं और संघर्षशील युवाओं का अपमान कर रही हैं। महिला कांग्रेस इस तरह के जनविरोधी और अपमानजनक बयानों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि उन्होंने अपना रवैया न बदला तो यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने अपने संबोधन में कहा कि कंगना रनौत का यह बयान उनकी महिला विरोधी और युवा विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। देश का युवा आज रोजगार और बेहतर भविष्य के लिए प्रयासरत है, ऐसे में उनका मज़ाक उड़ाना बेहद शर्मनाक है। नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने भी कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राजनीति में संवाद की गरिमा बनी रहनी चाहिए, लेकिन कंगना रनौत लगातार मर्यादाओं की सीमा लांघ रही हैं। इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयानों के लिए उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।



इस अवसर पर महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष सुनीता जैन, अनीता कोरी, प्रदेश सहसचिव महिला कांग्रेस वर्षा सांखला, मीना चौहान, पिंकी गौड, रुखसार गोरी, सुनीता जादौन, नम्रता सत्रावाला, सलमा बी, राजकुवर चौहान, चंदा चौहान, रेखा सांखला, ममता भट्ट, मंजू तनु सैनी, सुनीता माली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

गुरुकुल के पूर्व छात्रों का प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





स्थानीय गुरुकुल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के होनहार पूर्व छात्र दीपक पाटीदार पिता अनिल पाटीदार निवासी पचलाना का भारतीय प्रबंध संस्थान आईआईएम गुवाहाटी में एवं विद्यालय के एक और होनहार पूर्व छात्र ऋषि नारेलिया पिता विनोद नारेलिया निवासी नलखेड़ा का आईआईटी खड़कपुर कॉलेज में उच्च शिक्षा के लिए चयन हुआ है। दोनों पूर्व छात्रों के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में चयनित होने पर विद्यालय परिवार एवं समिति परिवार द्वारा बधाई देते हुवे उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

गुरुकुल में बाल कैबिनेट का गठन



नलखेड़ा। स्थानीय गुरुकुल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन एवं कक्षा प्रतिनिधि का चयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अनुष्का बल्लभ प्रसाद पाटीदार को हेड गर्ल तथा तनिष्क मनोहर पाटीदार को हेड बॉय मनोनीत किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षक नागूलाल मकवाना द्वारा की गई। मुख्य अतिथि जन शिक्षक गोपाल पाटीदार थे एवं विशेष अतिथि विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना सकलेचा थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोपाल पाटीदार ने बच्चों को अपने कर्तव्य एवं दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करने की शपथ दिलवाई। अंत में आभार संस्था के प्राचार्य कमल किशोर पाटीदार ने माना।

मुंशी प्रेमचंद जयंती पर साहित्यिक आयोजन हुआ

मंदसौर। पीएमसीओई राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में हिंदी विभाग एवं सृजन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूविज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत विभाग के डॉ. पंकज शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एवं स्वागत उद्बोधन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता डॉ. पंकज शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुंशी प्रेमचंद का साहित्य भारतीय समाज की वास्तविक परिस्थितियों का सजीव दस्तावेज है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेमचंद के साहित्य का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हुए उनकी रचनाओं में निहित मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक समानता, नैतिक मूल्यों तथा यथार्थवादी दृष्टिकोण पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति डोसी ने विद्यार्थियों को प्रेमचंद के साहित्य के अध्ययन हेतु प्रेरित किया। एम.ए. हिंदी के विद्यार्थी नरेश व्यास ने भी प्रेमचंद के साहित्य एवं उनके सामाजिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उनके समय में था। उनकी रचनाएँ समाज को नई दिशा देने के साथ-साथ मानवीय मूल्यों के संरक्षण एवं सामाजिक चेतना का संदेश देती हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा जैन ने किया।



कलेक्टर सिंह ने मंडी ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नवागत कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह ने शुक्रवार को जिले के पिपलिया मंडी क्षेत्र का भ्रमण किया। कलेक्टर ने पिपलिया मंडी ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचकर स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य का निरीक्षण किया। यहां उनके द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन मौजुद थे।

पिपलिया मंडी विश्राम ग्रह पर विकास खंड स्तरीय बैठक लेकर कलेक्टर शासन की योजनाओं निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत हुए क्षेत्र की सामान्य जानकारी भी प्राप्त की। शासन की लाडली लक्ष्मी योजना, आंगनवाड़ियों के संचालन, एनआरसी केंद्र संचालन की जानकारी प्राप्त की। ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी प्राप्त की। क्षेत्र में स्कूलों तथा छात्रावासों के संचालन से भी अवगत हुए स्टाफ संख्या तथा छात्र संख्या की जानकारी प्राप्त की। पुरानी नरेगा तथा वर्तमान वीबी जी राम जी योजना की भौतिक तथा वित्तीय उपलब्धि की समीक्षा की। नगर परिषद अधिकारी को नागरिक सेवाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसडीएम से राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति देखी गई। राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा में निराकरण के लिए निर्देश दिए। आगामी मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देशित किया पूर्व तैयारी के साथ ही शिविर के सफल आयोजन हेतु निर्देशित किया।

बैठक लेकर मल्हारगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति से अवगत हुए

कलेक्टर द्वारा क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता की विशेष रूप से समीक्षा की गई। बताया गया कि क्षेत्र में कहीं भी पेयजल की समस्या नहीं है कलेक्टर द्वारा पेयजल स्त्रोत की जानकारी प्राप्त की गई।

पीएचई विभाग द्वारा जल जागरूकता अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण

मंदसौर। पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया कि पुरे भारतवर्ष मे स्टाप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे ग्रामीण क्षेत्र मे स्वच्छ पेयजल व स्वच्छता के सम्बन्ध मे कई गतिविधियाँ की जा रही है। इसी क्रम मे जिला कलेक्टर दिव्यांकसिंह के निर्देशन व ढलएं विभाग के कार्यपालक यंत्री वैभव भावसार के मार्गदर्शन मे अभियान के अंतिम दिवस पर सीतामऊ विकासखंड के ग्राम झलारा मे फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परिक्षण करने का प्रशिक्षण विभाग के जिला सलाहकार मुकेश गुप्ता ढटव सलाहकार अंकित ठाकुर ने दिया, ताकि ग्रामो मे स्थापित पेयजल स्त्रोतो से प्राप्त पानी की जाँच ग्राम मे ही की जा सके साथ ही ग्राम मे स्थापित पेयजल स्त्रोतो का क्लोरिनेशन भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला मे उपस्थित सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ व आशा कार्यकर्ताओ क्रो वर्षाकाल मे पेयजल स्त्रोतो क्रो स्वच्छ रखने, स्त्रोतो का नियमित क्लोरिनेशन करने,पिने के पानी का समुचित भण्डारण रखने , दूषित पानी के पिने से होने वाली बीमारियों से बचने, जल प्रदाय योजनाओं मे जनसहभागिता सुनिश्चित करने,ग्राम मे समग्र स्वच्छता का वातावरण सुनिश्चित करने की समझाईश दी गई, इस अवसर पर सरपंच, सचिव, सहायक सचिव व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अस्पताल का रैफरल ऑडिट करवाया जाएगाः डॉ मीना

आगर में मीडिया एवं पत्रकारगणों से रूबरू हुए कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



जिला अस्पताल आगर से मरीजों को अनावश्यक एवं बगैर उचित कारणों के अन्यत्र रेफरल का ऑडिट करवाया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी मरीज को किसी निजी चिकित्सा संस्था अथवा अन्य स्थानों के लिए रैफर नहीं किया जाए। यह बात कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आगर में पत्रकारों और मीडिया बंधुओं से चर्चा करते हुए कहीं। इस मौके पर सहायक संचालक जिला जनसंपर्क कार्यालय जगदीश चन्द्र मालवीय एवं पत्रकारगण उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकारों से चर्चा कर उनके सुझावो पर कलेक्टर ने प्रभावी कार्यवाही करने का विश्वास दिलाया। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि आगर जिले में औद्योगिक विकास एवं विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। जिले में औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जाएंगे। सिंहस्थ के दौरान उज्जैन बडी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को जिले के धार्मिक स्थलों की ओर आकर्षित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की जाएगी।

जनविश्वास शिविर आयोजित होंगें

कलेक्टर डॉ. मीना ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में 07 अगस्त 2026 से चलाए जा रहे प्रदेश व्यापी मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस अभियान के तहत सभी जिलो, तहसीलों, नगरीय निकायों में जनविश्वास शिविर आयोजित किये जाएगें। इसका कैलेंडर तैयार कर लिया गया है इन शिविरों में विभिन्न विभागों के जिला व विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर ग्रामीणो को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे और जन समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करेंगें। कलेक्टर ने बैजनाथ धाम के तहत विकास एवं बगुलामुखी माता मंदिर देवीलोक निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करवाने की बात भी कहीं। उन्होंने बाणगंगा नदी को अविरल प्रवाहमान बनाने के लिए जल संसाधन विभाग से परीक्षण करवाकर प्रस्ताव तैयार करवाने की बात भी कही। उपस्थित सभी पत्रकारगणों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

शिशु रोग विभाग द्वारा ओआरएस सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

मंदसौर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के शिशु रोग विभाग द्वारा ओआरएस सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। दस्त आज भी पाँच साल से कम आयु के बच्चों में बीमारी एवं मृत्यु प्रमुख कारण है जिसका रोकथाम एवं उपचार में ओआरएस और जिंक के महत्व के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी के मार्गदर्शन में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी, सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत एवं ओषध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कार्तिक साल्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. नैकी मीनारे ने की। इस अवसर पर ओआरएस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इंटर्न चिकित्सकों के द्वारा सैमीनार प्रजेंटेशन, ओआरस, जिंक टेबलेट केसे देना है। ओपीडी ,आंगनबाड़ी एवं बच्चों के वार्ड में बताए गया साथ ही स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं उसके विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि डायरिया से होने वाली बाल मृत्यु को रोकने में समय पर ओआरएस एवं जिंक का उपयोग अत्यंत प्रभावी एवं जीवनरक्षक है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों एवं विद्यार्थियों से इस जनजागरूकता अभियान को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिशु रोग विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. संगीता डुडवे, सीनियर रेजिडेंट डॉ. श्रुति सेठिया एवं डॉ. पार्थ जोशी सहित विभाग के चिकित्सक, इंटर्न, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी जनस्वास्थ्य जागरूकता के ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया गया।



स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया

भानपुरा(मंदसौर)। महाराजा यशवंतराव होलकर शासकीय महाविद्यालय भानपुरा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक अनुसार त्रैमासिक कैलेंडर के अंतर्गत जुलाई माह के साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत चारों सप्ताह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य दिनेश पाटीदार की अध्यक्षता में हुआ। प्रथम सप्ताह में विद्यार्थियों को स्वरोजगार वित्तीय सहायता योजना बैंक क्रीम उद्यमिता के अवसर सिविल सर्विसेज व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। द्वितीय सप्ताह में नेशनल फिश फार्मर्स डे, कौशल दिवस का आयोजन किया गया। तृतीय सप्ताह में बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद जयंती का आयोजन किया गया। चतुर्थ सप्ताह में कैरियर मार्गदर्शन सिविल सेवाएं और सुशासन विषय पर व्याख्यान डॉ रुचि सक्सैना और उमेश चंद्र पांडे के द्वारा दिया गया। और सिविल सर्विसेज की परीक्षाओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। एलबीएसएनएए डॉक्यूमेंट्री विद्यार्थीयों को दिखाई गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर प्रीति शर्मा द्वारा इन चारों सप्ताह का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्राध्यापक गण और विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

कांग्रेस जिला उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ ने मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

मंडी शुल्क वृद्धि वापस नहीं हुई तो होगा आंदोलनः निर्विकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मध्य प्रदेश शासन द्वारा मंडी शुल्क में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में शुक्रवार, 31 जुलाई को जिला उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ (कांग्रेस) के तत्वावधान में मंडी सचिव को एक ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने बढ़ा हुआ टैक्स कम नहीं किया, तो व्यापारियों और किसानों के हित में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

बिना चर्चा के थोपा गया 1.5 प्रतिशत टैक्स

जिला उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निर्विकार रातड़िया ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने मंडी व्यापारियों से बिना किसी बातचीत के मंडी शुल्क में 1.5 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी कर दी है। इसका नुकसान सिर्फ व्यापारियों को ही नहीं होगा, बल्कि इसका सीधा असर अन्नदाता किसानों पर भी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस भारी शुल्क वृद्धि के कारण मंडी व्यापारी यहां से पलायन करने को मजबूर होंगे, जिसका असर मंदसौर सहित पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

व्यापारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ टैक्स वापसी हो

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सोमिल नाहटा ने कहा कि व्यापारी किसी भी शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उन पर इतना भारी-भरकम टैक्स लगा देना पूरी तरह से गलत है। सरकार को जल्द से जल्द यह बढ़ा हुआ टैक्स वापस लेना चाहिए। जिला कांग्रेस के महासचिव अजय लोढ़ा ने मंडी की लचर व्यवस्थाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि मंडी में भारी अव्यवस्था है, जिससे व्यापारियों, किसानों और हम्मालों को रोज असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। मंडी प्रशासन को तत्काल प्रभाव से मंडी की व्यवस्थाएं सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

ये रहे उपस्थित

ज्ञापन का वाचन राजेश हिंगड़ ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, विकास दशोरा, मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज जैन, कुशल डोसी, संजय जैन अंकित, अभिषेक जैन, अरविंद जैन, कमलेश जैन, पलाश सेठी, हेमंत हिंगड़, दिनेश कल्याणी, सुरेंद्र कुमावत, वर्षा सांखला, उस्मान मंसूरी, अमित छाबड़ा, अक्षय जैन, अशोक पोरवाल, कमलेश रतनावत, सुनील गुप्ता और जितेन शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं किसान उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

प्राचार्य ने किया कक्षाओं का निरीक्षण



चापडा। शिक्षा व्यवस्था को लेकर शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय बागली के प्राचार्य शालिग्राम भारतीय द्वारा कक्षाओं का निरीक्षण किया गया। शुक्रवार को स्कूल पहुंचने के बाद सभी कक्षाओं में निरीक्षण करते हुए सभी बच्चों को स्कूल की यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल आने के निर्देश दिए गए। साथ ही कई महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखने के लिए निर्देश दिए गए। भारती ने बताया कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बड़े उद्देश्य को लेकर स्कूल का निर्माण किया गया है। हमारे पूरे स्टाफ का यही प्रयास है कि बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले व सरकार का उद्देश्य पूरा हो।

केंद्रीय मंत्री चौहान का आज देवास आगमन



देवास। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार, 1 अगस्त 2026 को दिशा बैठक में सहभागिता हेतु देवास आएंगे। उनके देवास आगमन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों पर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया जाएगा।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने जिले के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से निर्धारित स्वागत स्थलों पर समय से पहुंचकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गरिमापूर्ण स्वागत करने की अपील की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री का स्वागत प्रातः 10:00 बजे ग्राम पिलवानी, 10:20 बजे सोनकच्छ बायपास चौराहा, 10:30 बजे नेतरी फाटा, 10:40 बजे भौरासा फाटा, 10:50 बजे ग्राम खटाम्बा तथा 11:00 बजे देवास विधानसभा क्षेत्र (गोल्डन नाश्ता पॉइंट, भोपाल बायपास) पर किया जाएगा।डॉ. रायसिंह सेंधव ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान का देवास आगमन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक अवसर है।

शंकरगढ़ पहाड़ी पर 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत 10 हजार पौधों का हुआ रोपण

अभियान का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और सुंदर जलवायु के साथ स्वस्थ पर्यावरण सौंपना: विधायक पवार

एक पौधा मां के नाम' अभियान तहत जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, एसपी, निगमायुक्त, विभागीय अधिकारी कर्मचारी, समाजिक संस्थाओं, स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ किया पौधारोपण


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत देवास शहर को हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को शंकरगढ़ पहाड़ी देवास पर वृहद स्तर पर सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर 10 हजार पौधों का रोपण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगणों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, पत्रकारगणों, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिकगणों ने सहभागिता कर पौधारोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण की रक्षा के लिए देशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया है। इसी प्रेरणा से पूरे देश में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी पर्यावरण प्रेमी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ₹इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ, सुंदर जलवायु और एक स्वस्थ पर्यावरण सौंपना है। पौधारोपण अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शंकरगढ़ पहाड़ी को पूरी तरह हरा-भरा रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी दिनों में इस पहाड़ी को सुरक्षा और पर्यावरण की दृष्टि से और अधिक विकसित व सुसज्जित किया जाएगा। अभियान की सराहना करते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि शंकरगढ़ पहाड़ी पर वृहद स्तर पर किए जा रहे इस पौधारोपण कार्यक्रम में एक ही दिन में 10 हजार से अधिक पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में शहरवासियों ने आकर यहाँ पौधों का रोपण किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि आमजन आगे भी इस अभियान में अपना सक्रिय योगदान देकर देवास को हरित क्रांति की ओर ले जाएंगे। अभियान के तहत जिलेभर में पौधारोपण कार्य किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में शहर की औद्योगिक इकाइयों, शासकीय व अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा सभी सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अब तक कुल 75 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। इसी कड़ी में आज शंकरगढ़ पहाड़ी पर 10 हजार पौधों का रोपण किया गया। महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि पौधारोपण के इस पावन यज्ञ में शहर की सामाजिक संस्थाओं, प्रशासनिक अधिकारियों और विशेष रूप से स्कूलों के शिक्षक-विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने 'एक पौधा मां के नाम' लगाकर पर्यावरण सुरक्षा के इस यज्ञ में









अपनी आहुति दी है। सभी उपस्थित जनों ने लगाए गए पौधों के पूर्ण संरक्षण और देखभाल का संकल्प भी लिया। उन्होंने बताया कि देवास नगर निगम द्वारा शहर को हरा-भरा बनाने के लिए कुल 1 लाख 70 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए निगम प्रशासन द्वारा निरंतर योजनाबद्ध तरीके से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है।

पीएम ग्राम सड़क योजना से बागली को मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटा फोड



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बागली विधानसभा क्षेत्र को ग्रामीण विकास की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। धर्मेश्वर मंडल (सतवास) एवं बैकलिया सरकार मंडल (कांटाफोड़) क्षेत्र के 14 महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए 30.55 किलोमीटर लंबी सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन विकास कार्यों पर लगभग 21.03 करोड़ की राशि व्यय की जाएगी।

यह स्वीकृति ग्रामीण अंचलों के लिए किसी बड़ी सौगात से कम नहीं मानी जा रही है। लंबे समय से बेहतर सड़क संपर्क की प्रतीक्षा कर रहे गांवों को अब पक्के और सुगम मार्गों की सुविधा मिलेगी। इससे ग्रामीणों का आवागमन आसान होगा, वहीं किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक आने-जाने तथा मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं तक शीघ्र पहुंचने में सुविधा मिलेगी। बागली विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की किरण पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होता है और इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्र की आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के प्रति क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ लगातार कार्य कर रही है।

सेंट जॉन्स हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में अभिभावक-शिक्षक संघ की प्रथम बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



सेंट जॉन्स हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में अभिभावक-शिक्षक संघ की प्रथम बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निर्देशक फादर सोनी एंटनी, प्राचार्य सिस्टर अर्पिता, पूर्व पीटीए अध्यक्ष हरीश जनौलिया तथा स्टाफ सेक्रेटरी श्रद्धा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

विद्यालय के म्यूजिक क्लब के विद्यार्थियों ने मधुर प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के शिक्षक मोहित गुप्ता ने अभिभावक-शिक्षक संघ की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों और विद्यालय के बीच समन्वय की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों की सर्वसम्मति से आर्य भूषण शर्मा को अभिभावक-शिक्षक संघ का अध्यक्ष तथा वारिस अली को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पीटीए अध्यक्ष हरीश जनौलिया तथा पूर्व उपाध्यक्ष राजेश गुर्जर को उनके उत्कृष्ट सहयोग एवं सेवाओं के लिए विद्यालय की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में विद्यालय निर्देशक एंटनी ने विद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों की जानकारी साझा की।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, हाटपीपल्या में आयोजित ब्लॉक स्तरीय वुशु एवं कुराश प्रतियोगिता में सेंट जॉन्स हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अक्षरा राठौर, आयुषी राठौर, इशिका मरमट एवं हिरल बरेडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता, जो देवास में आयोजित होगी, के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

'उल्लास' कार्यक्रम के तहत हुई अंत्याक्षरी प्रतियोगिता, गीतों से गूंजा न्यायालय परिसर

कार्यस्थल भी कर्मचारियों का दूसरा घर: न्यायाधीश मेहता





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास द्वारा ₹उल्लास-एक अभिनव प्रयोग₹ के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर में अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच रचनात्मकता, संवाद कौशल और सकारात्मक सहभागिता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में पुरानी और नई फिल्मों के गीतों का आकर्षक संगम देखने को मिला, जिससे पूरा न्यायालय परिसर संगीतमय माहौल में रंग गया।

कार्यक्रम के दौरान तीन सत्र आयोजित किए गए, जिनमें न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता ने न्यायालय के तनावपूर्ण वातावरण से अलग सभी को आनंद और मनोरंजन का अवसर प्रदान किया। अंत्याक्षरी प्रतियोगिता में पुरुष प्रतिभागी विजेता रहे। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश कपिल मेहता ने कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

उन्होंने बताया कि ₹उल्लास₹ केवल कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि उनके परिवारों को भी न्यायालय से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने दिन का बड़ा हिस्सा कार्यस्थल पर बिताते हैं, इसलिए कार्यालय भी उनका दूसरा घर है और इस कार्यक्रम के माध्यम से परिवारों को भी उस वातावरण से परिचित होने का अवसर मिलता है। उन्होंने कर्मचारियों के बच्चों की प्रतिभा को मंच देने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि बच्चों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। समाज में मिलने वाले हर अवसर का सदुपयोग कर वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और भविष्य में समाज एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

महिला कांग्रेस ने सांसद का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नई दिल्ली में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वाली अभिनेत्री कंगना रनौत का पुतला दहन, देवास महिला कांग्रेस द्वारा कांग्रेस नेत्री साधना प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। उल्लेखनीय है कि कंगना ने प्रदर्शनकारी छात्रों के लिए गटर शब्द का उपयोग किया था, जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रयास गौतम की विशेष उपस्थिति में सयाजी द्वार पर पुतला जलाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से रेखा वर्मा, वंदना बड़ोदिया, आशा वर्मा एडवोकेट, आशा मालवीय, तनु कुशवाहा सहित सुजीत सांगते, हारिस गजधर, राजा पडियार, अजयसिंह रघुवंशी, कल्लू भाई राष्ट्रीय, शाहजी हाशमी, शाहिद खान, संजय रैकवाल, सीताराम मालवीय, दीपेश हरोडे, प्रतिक शर्मा आदि मौजूद रहे।अंत में आभार मीना अली ने माना।

खबर संक्षेप

तहसीलों में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

ललितपुर । शासन के निर्देशानुसार जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध व त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान आयोजित किया जायेगा, जिसके क्रम में जिलाधिकारी तहसील महरौनी में जनशिकायतें सुनेंगे। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी तहसील पाली एवं सम्बंधित उप जिलाधिकारी अपनी अपनी तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण करायेंगे। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करायें ।

अपहृत नाबालिग बालिका सकुशल बरामद

टीकमगढ़। जिले की बुडेरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई में सूचना तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में थाना बुडेरा पुलिस ने यह कार्रवाई की।

शहर कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में एसपी रहे मौजूद

ऑपरेशन जागृतिः महिला अपराध की रोकथाम करने जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में जनपद के सभी थाना व कोतवाली में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के साथ-साथ उन्हें अधिकारों व सुरक्षा संबंधी सेवाओं को लेकर ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया है। ऑपरेशन जागृति के तहत शहर कोतवाली में पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेयी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदर क्षेत्राधिकारी व शहर कोतवाल अनुराग अवस्था सहित छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। तो वही तालबेहट में क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा व तालबेहट कोतवाली प्रभारी अशोक वर्मा, क्षेत्राधिकारी पाली राजेश कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी महरौनी अरविन्द कुमार पाण्डेय व महरौनी कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि द्वारा थानाध्यक्ष मनोज मिश्रा की मौजूदगी में एडीजी कानपुर जोन के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह था आयोजन का उद्देश्य

कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, विभिन्न आपातकालीन एवं महिला हेल्पलाइन सेवाओं, बाल संरक्षण तथा महिला अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही, उन्हें किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना, उत्पीडन अथवा संकट की स्थिति में बिना किसी संकोच के पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन सेवाओं से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान अपराध की पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यक सहायता एवं काउंसलिंग उपलब्ध कराने, पीड़िताओं से संबंधित प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा पारिवारिक एवं अन्य विवादों से संबंधित मामलों में युवक-युवतियों एवं उनके अभिभावकों की काउंसलिंग कर आपसी संवाद एवं समन्वय के माध्यम से समाधान किए जाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। साथ ही, उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या अथवा अपराध की सूचना तत्काल संबंधित थाना, महिला हेल्प डेस्क अथवा उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया।

सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना, पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

घर में घुसकर धमकी, केस वापस न लेने पर बोरी में लाश बांधने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस में रहने वाले एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को घर में घुसकर गाली-गलौज करने, मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन निवासी विजय नारायण गोस्वामी ने बताया कि 23 जून 2026 की शाम करीब 5 बजे वह अपनी पत्नी के साथ घर पर मौजूद थे और नाली की सफाई करवा रहे थे। इसी दौरान मोहल्ला चौबयाना निवासी अनिल चौबे पुत्र विश्वनाथ चौबे बिना अनुमति उनके घर में घुस आया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। आरोपी ने उन पर झांसी निवासी डा.संजय चौबे से संबंधित चल रहे मुकदमों को वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से धमकी दी कि यदि मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा और उनकी लाश बोरी में बांधकर फेंक दी जाएगी। घटना के दौरान उसकी पत्नी, आसपास के लोगों एवं राहगीरों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जो जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य हो सकती है। बुजुर्ग ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि घटना के बाद वह और उनकी पत्नी लगातार भयभीत एवं अस्वस्थ रहे, जिसके कारण तत्काल पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। बाद में हिम्मत जुटाकर उन्होंने पुलिस को लिखित तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अनिल चौबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घर के बाहर गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ललितापुर में घर के बाहर गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि चार दबंगों ने युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर नाराहट पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम ललितापुर निवासी जनविजय उर्फ साहब सिंह राजपूत पुत्र भगवन्त सिंह ने बताया कि 29 जुलाई की रात करीब 8 बजे गांव के ही मुन्नालाल पुत्र काशीराम, रामकुमार पुत्र अजु, प्रताप पुत्र रघुवीर एवं राजा भैया पुत्र कप्तान उसके घर के बाहर पहुंचे और बिना किसी कारण अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। जब उसने और उसके परिजनों ने गाली-गलौज का विरोध किया और आरोपियों को वहां से जाने के लिए कहा, तो चारों आरोपी उग्र हो गए। आरोप है कि उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस मुठभेड़ में अंतरराज्यीय गिरफ्तार चोर से लाखों नकद और तमंचा बरामद, दो फरार

बैंक से निकाले रुपयों का बैग चुराने वाले को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



महरौनी थाना पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का खुलासा करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक अंतरराज्यीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 2 लाख 23 हजार 560 रुपये नगद, एक अवैध देशी तमंचा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी अरविंद कुमार पांडेय के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार थाना महरौनी में दर्ज मुकदमा संख्या 229/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान 30 जुलाई 2026 की रात करीब 8.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि चोरी की घटना में शामिल आरोपी ग्राम चढ़रऊ के पास मौजूद है। सूचना पर थाना महरौनी पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें पुलिस टीम ने अभियुक्त मध्य प्रदेश के जिला राजगढ़ थाना बोड़ा के ग्राम कडिय़ा सांसी निवासी सोनू धापनी पुत्र सुमेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसके दो अन्य साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने गिरोह के साथ मिलकर लोगों को निशाना बनाता था और मौका पाकर उनके रुपये, सामान व आभूषण चोरी कर लेते थे। आरोपी ने स्वीकार किया कि 29 मई 2026 को सेंट्रल बैंक महरौनी से रुपये निकालकर जा रहे एक व्यक्ति के मोटरसाइकिल में रखे बैग को तहसील महरौनी के पास चोरी किया था। चोरी किए गए रुपयों को गिरोह के सदस्यों ने आपस में बांट लिया था। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से बरामद 2,23,560 रुपये उसके हिस्से के थे। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक 315 बोर का अवैध देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया। इसके आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना महरौनी में मुकदमा संख्या 334/2026 धारा 109 बीएनएस एवं 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई है। इसके अलावा पुलिस ने घटना में प्रयुक्त होंडा साइन बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

बछरावनी में सपा का पीडीए सदस्यता अभियान चला, डा.नवल किशोर शाक्य का मनाया जन्मदिन

ग्रामीणों ने ली सपा की सदस्यता, सामाजिक एकता व संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) सदस्यता अभियान के तहत जनपद की 226 विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बछरावनी में शुक्रवार को सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी डा.नवल किशोर शाक्य का जन्मदिन भी सादगी एवं उत्साह के साथ मनाया गया। उपस्थित महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और वरिष्ठजनों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सभी का फल वितरित कर सभी का मुंह मीठा कराया गया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। सभा में अभिलाषा कुशवाहा ने कहा कि पीडीए सदस्यता अभियान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को जोड़कर संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना है। उन्होंने सामाजिक समरसता, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने पर जोर देते हुए अधिक से अधिक लोगों से अभियान में जुडऩे का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने सदस्यता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में राजनीतिक जागरूकता बढ़ती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। भजनलाल कुशवाहा ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प भी दोहराया।

आयोजकों ने बताया कि पीडीए सदस्यता अभियान आगामी दिनों में भी विभिन्न गांवों में जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता से जोड़ा जा सके और संगठन का विस्तार किया जा सके। इस दौरान अभिलाषा कुशवाहा, भजनलाल कुशवाहा, डा.देशराज कुशवाहा, मुरलीधर कुशवाहा, वीरान कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, पुत्रवधू भजनलाल कुशवाहा, वीर सिंह यादव, रामकुमार यादव प्रधान, धनीराम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष का किया अभिनंदन

भाजपा के कार्यकर्ताओं का महत्व संगठन से है न कि व्यक्तिगतः साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई के तत्वावधान में आज भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के यशस्वी क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के अध्यक्ष के रुप में प्रथम बार आगमन पर वृहद अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री द्वय हरीराम सिंह लोधी एड एवं गौरव गौतम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणापुंज डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात क्षत्रिय समाज द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू एवं जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की रुपरेखा रखते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमें गर्व है कि रामकिशोर साहू ने हमारे ललितपुर को सबसे ज्यादा समय दिया है । कुशल संगठक कर्ता हैं। वर्तमान में समरसता संकल्प अभियान चल रहा है और शीध्र ही तिरंगा अभियान शुरू होने बाला है इसके अलावा डी एल पी अभियान चल रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं आपके स्वागत से अभिभूत हूं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का महत्व संगठन से हैं न कि व्यक्तिगत रुप में। उन्होंने कहा कि मैं कृतार्थ हूं कि संगठन ने मुझ पर पहले भी और आज भी विश्वास किया है। उन्होंने कहा यह संगठन ऐसा है जो कि खुद कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा करता है और उसी अनुसार दायित्व सोंपे जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप पार्टी का ध्येय निष्ठा से काम करते रहें निश्चित रूप से संगठन का उच्च नेतृत्व आप की चिंता करेगा । उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की संगठित ताकत के आगे बड़े से बड़ा नेता झुक जाता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी उम्मीद के मुताबिक किसी भी पद के लिए टिकिट मांगना चाहिए यह हमारा अधिकार है।लेकिन अगर हमें टिकिट नहीं मिलती है तो हमारा कर्तव्य है कि जिसे भी टिकिट मिले उसके पक्ष में कार्य हमें ईमानदारी से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो हजार सत्ताईस का विधान सभा चुनाव हमारे सामने है इसलिए हर दायित्व धारी कार्यकर्ताओं को उच्च नेतृत्व के निर्देश का सख्ती से पालन कर संगठन का कार्य करना होगा यदि कोई कार्यकर्ता संगठनात्मक कार्यों में शिथिलता बर्तता दिखता है तो उसकी छुट्टी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम लोग उनतीस जुलाई से फरवरी माह तक सन्त शिरोमणि रविदास जी की जन्म जयंती महोत्सव मना रहे हैं । अन्त में संचालन जिला महामंत्री गौरव गौतम ने किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सोनाली विवेक जैन,बरिष्ठ नेता बब्बू राजा बुन्देला पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एड, रमेश कुमार सिंह लोधी एड,जिला महामंत्री गौरव गौतम, हरीराम सिंह लोधी एड, रजनी अहिरवार, जिला कोषाध्यक्ष मनीष सड़ैया, जिला उपाध्यक्ष रमेश कुशवाहा नझाई, अवतार सिंह लोधी एड, रजनी अहिरवार, अरविंद कौशिक, रुचिका बुन्देला, अनुपमा जैन, दुष्यन्त बडौनिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुरक्षा घेरे में वेयरहाउस में रखीं गईं 90 बैलेट यूनिट 320 कंट्रोल यूनिट के साथ 180 वीवीपैट मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में चुनावी व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जनपद अमेठी से आवंटित बीईएल मेक एम-3 मॉडल की ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की खेप कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ललितपुर पहुंची। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी चकबंदी अधिकारी मसूद शेरवानी सशस्त्र पुलिस बल की अभिरक्षा एवं अधीनस्थ कर्मचारियों की निगरानी में इन मशीनों को अमेठी से ललितपुर लेकर आए। प्राप्त खेप में कुल 90 बैलेट यूनिट (बीयू), 320 कंट्रोल यूनिट (सीयू) और 180 वीवीपैट मशीनें शामिल हैं। मशीनों के ललितपुर पहुंचने के बाद विकास भवन परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस में निर्धारित प्रक्रिया के तहत जमा कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एवं प्रभारी अधिकारी ईवीएम-वीवीपैट राकेश कुमार, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मौर्य तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों की मौजूदगी में सभी मशीनों को निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर पर स्कैन किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के रख-रखाव और सुरक्षा व्यवस्था में राजनीतिक दलों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई। मशीनों को वेयरहाउस में सुरक्षित रखने के दौरान विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस दौरान आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह, बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड., भाजपा महामंत्री गौरव तथा अपना दल (एस) के जिला महामंत्री विक्रम अहिरवार उपस्थित रहे। सभी प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को विकास भवन स्थित वेयरहाउस में सुरक्षित रखवाया गया। प्रशासन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मशीनों की सुरक्षा, निगरानी और रख-रखाव की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

जननी सुरक्षा योजना के लंबित भुगतान 2 दिन में शत-प्रतिशत पूर्ण कराएंः मुख्य विकास अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश में जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा शासन की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की आयोजित कही गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार विस्तार से समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना की प्रगति खराब पाये जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपनी टीम के साथ रात्रि में पोर्टल पर कार्य कराकर अगले दो दिन के भीतर सभी पात्र लाभार्थियों के खातों में शत-प्रतिशत भुगतान कराना सुनिश्चित करें। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों के भुगतान में जिला लेखा प्रबंधक स्तर पर सर्वाधिक लंबित प्रकरण पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के भीतर सभी लंबित भुगतान लाभार्थियों के बैंक खातों में नहीं किये गए तो सम्बंधित जिला लेखा प्रबंधक के विरुद्ध सेवा से हटाने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मड़ावरा विकासखण्ड में जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत सबसे कम मात्र 32 प्रतिशत भुगतान पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई, उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बंधित अधिकारी अपनी टीम के साथ ही जिला मुख्यालय पर रहकर सभी लंबित भुगतान पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार से मुख्य विकास अधिकारी ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की भी समीक्षा की, टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति अपेक्षानुसार खराब पाये जाने पर उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए तथा इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मेडिकल कॉलेज में चलाया गया जागरूकता अभियान

बढ़ती उम्र में ऑस्टियोपोरोइसिस करती है अंदर से खोखला : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महिलाओं में रजोनिवृत्ति के दौरान होने वाली बीमारियों पर जागरुक किया



स्थानीय मेडिकल कॉलेज में भारतीय ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन एवं उत्तरप्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के निर्देशन में ललितपुर आर्थोपेडिक क्लब की ओर से एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों को हड्डियों में होने वाली ऑस्टियोपोरोइसिस नामक खामोश बीमारी से होने वाले नुकसान के बारे में बताकर विटामिन-डी3 तथा कैल्शियम का महत्व समझाया गया। ललितपुर मेडिकल कॉलेज में ऑर्थोपेडिक क्लब की ओर से डा.आकाश खैरा ने पावर प्वाइंट प्रिजेंटेशन के माध्यम से बताया कि हड्डियों की ऑस्टियोपोरोइसिस बीमारी क्या होती है। हड्डियों के मॉडल प्रतिभागियों के हाथ में देकर उसे तोड़कर बीमारी का महत्व समझाया गया और विटामिन डी3 व कैल्शियम की उपयोगिता समझाई गयी। एक पैर पर बैलेंस बनाकर प्रतिभागियों को उनकी क्षमता का अहसास कराया गया। जागरूकता पैम्पलेट्स बांटकर जागरूक किया गया। ललितपुर आर्थोपेडिक क्लब के मानद सदस्य प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला ने बताया कि कैसे ऑस्टियोपोरोइसिस बीमारी आपकी हड्डियों को खोखला कर देती है। उन्होंने प्रमाणपत्र बांटकर क्लब के सदस्यों को सम्मानित किया और कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम होते रहना चाहिये। मंच से ऑर्थो यूनिट हैड डा.सौरभ साहू ने भी पावर प्वाइंट प्रिजेंटेशन के माध्यम से हड्डियों की बीमारी से बचाव और उपचार के बारे में जानकारी साझा की। क्लब के उपाध्यक्ष डा.एमसी गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान सहायक मैनेजर अनिमेश तिवारी, राजकुमार यादव, आकाश सेन और रिचा व्यास का सहयोग रहा। मेडिकल कॉलेज की ओर से विभागाध्यक्ष डा.महेश नवद्या, डा.मनोज वर्मा, डा.निर्भय सिंह, डा.शुभम असाठी, डा.रोहित जैन, डा.अनुज, फिजियोथेरेपिष्ट डा.सौरभ देवलिया के अलावा दर्जनों चिकित्साधिकारी और अधिकारी/कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

क्यों मनाते हैं बोन एंड ज्वाइंट डे

क्लब के सचिव और ऑर्थो सर्जन डा.आकाश खैरा ने बताया कि हर वर्ष 4 अगस्त को बोन एण्ड ज्वाइंट डे मनाया जाता है। जिसमें हड्डी एवं जोड़ रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। सन 2012 में भारतीय ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के आह्वान पर पहली बार यह दिवस मनाया गया था। इस वर्ष यह जागरूकता कार्यक्रम पूरे माह चलाया गया है। इस दौरान विद्यालयों, कम्पनियों और स्कूलों में हड्डी एवं जोड़ों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने के बाद एक विशेष कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज में चलाया गया। इस दौरान चिकित्साकर्मियों को पावर प्वाइंट प्रिजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि हड्डियों को स्वस्थ्य रखने के लिये क्या क्या सरल उपाय किये जा सकते हैं। आगामी 4 अगस्त को चिकित्साधिकारियों का एक और जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। प्रधानाचार्य ने कहा कि बोन एण्ड ज्वाइंट डे के अवसर पर ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब की ओर से यह उपयोगी आयोजन किया जायेगा।

किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर



क्षेत्र के ग्राम भवानीपुरा में 19 वर्षीय बालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार भवानीपुरा निवासी विकास पिता जगदीश ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल सारंगपुर के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान परिजनों एवं अन्य संबंधित लोगों के बयान लिए जा रहे हैं, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

गायों को हादसों से बचाने बांधे रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़



इन दिनों विभिन्न आंतरिक मार्गों समेत हाईवे पर बैठा गोवंश अमूमन रोजाना दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। रात्रि के समय सड़कों पर बैठी गायें वाहन चालकों को नजर नहीं आ पाती हैं और वे दुर्घटना का शिकार हो जाती हैं। अकेले राजगढ़ क्षेत्र में बीते एक पखवाड़े में कई गायों की दुर्घटनाओं में मौत हो चुकी है। ऐसे में गोवंश की सुरक्षा के लिए नवयुवा गोरक्षा सेवा समिति की युवा टीम द्वारा पहल करते हुए प्रतिदिन गायों के गलों पर रेडियम बेल्ट बांधे जा रहे हैं। रेडियम लगा होने से वे वाहन चालकों को दूर से ही नजर आ जाएंगी और दुर्घटना का शिकार होने से बच जाएंगी। समिति सदस्यों ने बताया कि अभी तक करीब डेढ़ सौ गौवंश के रेडियम लगाने का कार्य टीम द्वारा किया जा चुका है। आने वाले दिनों में भी उक्त कार्य इसी तरह जारी रहेगा।

विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस पर पुलिस की कार्यशाला आयोजित

'मानव तस्करी समूल नष्ट करना मुश्किल है लेकिन असंभव नहीं'



विभिन्न विभाग के अधिकारियों सहित फील्ड वर्कर, आंगनबाड़ी अमला रहा मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से ही इस गंभीर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। जब तक समाज में जागरुकता नहीं आएगी हम मानव तस्करी के दंश को समूल नष्ट नहीं कर पाएंगे। काम मुश्किल है लेकिन असंभव नहीं है। उक्त बात विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर मानव तस्करी की रोकथाम के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए राजगढ़ एसडीओपी अरविंद दिवाकर ने कही। वर्ष 2026 की वैश्विक थीम टैप्ड बिहाहिंड जीम स्केम (धोखाघड़ी के जाल में फंसे लोग) पर आधारित उक्त जागरुकता आयोजन में मानव तस्करी के बदलते स्वरूप, इसके कारणों, रोकथाम एवं समूल खात्मे के प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे ने मानव तस्करी से जुड़े अपराधों की प्रकृति, कानूनी प्रावधानों तथा ऐसे मामलों में की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने सरल भाषा में मानव तस्करी से संबंधित विभिन्न कानूनी धाराओं की जानकारी देते हुए कहा कि इस अपराध की रोकथाम के लिए समय पर सूचना और समाज की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

भिक्षावृत्ति के लिए भी हो रही मानव तस्करी

महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रश्मि चैहान ने बाल तस्करी, भिक्षावृत्ति तथा बच्चों के संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। वहीं विशेष किशोर पुलिस इकाई की प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मानव तस्करी की घटनाओं की पहचान, बचाव के उपाय और विभागीय कार्यप्रणाली उपस्थित अधिकारियों एवं फील्ड वर्करों से सांझा की।

सामाजिक संस्था पदाधिकारी ने दी अहम जानकारी

कार्यशाला के दौरान अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की ओर से मनीष दांगी ने अपने जमीनी अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में अनेक बच्चे और युवा प्रेम प्रसंग, पारिवारिक तनाव, सामाजिक दबाव, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा अन्य परिस्थितियों के कारण मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बंधुआ मजदूरी, बाल विवाह, जबरन विवाह, झगड़ा प्रथा, बाल तस्करी एवं मानव तस्करी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इन अपराधों की रोकथाम केवल कानून से नहीं, बल्कि जागरूक समाज, संवेदनशील समुदाय और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। कार्यशाला में एडिशनल एसपी के. एल. बंजारे, एसडीओपी अरविंद राठौर, आरआई उर्मिला चैहान, विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रश्मि चैहान, महिला थाना प्रभारी कुसुम वास्कले, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की टीम, युवा वॉलेंटियर, युवा विकास टीम तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अगले माह अयोध्या सेंट्रल बैंक में होंगे जमा

कपिलेश्वर राम नाम बैंक में प्रतिदिन लिख रहे है राम नाम, 5 करोड़ जमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

कपिलेश्वर तीर्थ विकास एवं भजन मंडल द्वारा कपिलेश्वर तीर्थ स्थल पर अखंड रामायण गोशाला एवं पर्यावरण को लेकर वृक्षारोपण के साथ ही राम नाम बैंक प्रारंभ की गई भगवान आदि देव भूत भावन श्री कपिलेश्वर की असिन कृपा एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के अनुग्रह एवं संकट मोचन हनुमान जी महाराज की अनुपम कृपा से कपिलेश्वर तीर्थ धाम की महिमा लगातार मालवा क्षेत्र सहित संपूर्ण भारत वर्ष में बढ़ती गई कपिलेश्वर तीर्थ क्षेत्र पुण्य क्षेत्र के रूप में परिवर्तित हो रहा है इसी श्रृंखला में कपिलेश्वर तीर्थ पर स्थित रामायण मंदिर में राम नाम बैंक की स्थापना की गई अभी तक बैंक में 5 करोड़ से अधिक राम नाम जमा हो चुके हैं और यह सिलसिला प्रतिदिन चल रहा है भक्त प्रतिदिन आते हैं और राम नाम लिखकर बैंक में जमा करते हैं समिति के अध्यक्ष कुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि सतत राम नाम का लेखन शुरू है अब तक करोड़ों राम नाम इस बैंक में जमा हो चुके हैं वहीं कपिलेश्वर तीर्थ विकास समिति के सचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि कलयुग में केवल राम नाम ही एक सहारा है रामायण में भी तुलसीदास जी ने लिखा है कलयुग केवल नाम आधारा ,,, सुमरी सुमरी नर उतरही पारा,,, इसलिए खाते पीते सोते जागते राम का नाम ले और फुर्सत के समय में राम नाम लिखकर राम- नाम बैंक में जमा करें समिति की ओर से निर्णय लिया है कि श्रावण माह के बाद राम नाम बैंक में जमा राम नाम को इकट्ठा करके अयोध्या की राम-राम सेंट्रल बैंक में राम नाम जमा कराए जाएंगे इसके लिए सभी धर्म प्रेमी राम नाम लिखने वाले राम नाम लेखन में अपनी सहभागिता प्रदान करते जाएं ताकि मानव जीवन का कल्याण हो एवं धर्म की रक्षा होती रहे जो मानव धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसकी रक्षा करेगा इसी संकल्प को साकार करने के लिए राम नाम बैंक संचालित है।

आखिरी सांसों के साथ छोड़ गया गुनहगारों के नाम

हनुमान मंदिर से लौट रहे युवक की पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर





कानून और इंसानियत को ठेंगा दिखाते हुए राजगढ़ जिले के माचलपुर से करीब एक किलो मीटर दूर पिपल्या कुल्मी रोड पर एक ऐसी जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। बुधवार की रात माचलपुर-पिपल्या कुल्मी मार्ग पर एक असहाय और मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान ब्राह्मण गांव निवासी बालचंद दांगी (35 वर्ष) के रूप में हुई है, इस पूरे मामले में हैरान करने वाली बात यह है कि दम तोड़ने से चंद मिनट पहले,असहनीय दर्द के बीच पीड़ित ने अपनी कांपती आवाज में जिन हमलावरों के नाम उगले,वह वीडियो अब अपराधियों की तकदीर का फैसला करेगा।

अंधेरे का फायदा उठाकर घेरा, बिना वजह बरपाया कहर

प्रत्यक्षदर्शियों और जमीनी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,बालचंद बुधवार शाम को माचलपुर स्थित हनुमान मंदिर में माथा टेकने गए थे ग्रामीणों का कहना है कि प्राय बालचंद देव दर्शन करता रहता था। जब वह मंदिर से दर्शन कर रात करीब 8 बजे जब वह बिल्कुल निहत्थे पैदल ही अपने गांव लौट रहा था,तभी कस्बे से कुछ ही दूरी पर बैठे हमलावरों ने उन्हें दबोच लिया। परिजनों का सीधा आरोप है कि गांव के ही ओमप्रकाश दांगी ने अपने दो रिश्तेदारों गिरिराज दांगी और मुकेश दांगी निवासी देवनगर, राजस्थान के साथ मिलकर बालचंद को रोका और बिना किसी तात्कालिक रंजिश या विवाद के उन पर लाठियों और घूंसों की बरसात कर दी। हमलावरों का क्रूर चेहरा इस बात से साफ होता है कि उन्होंने सीधे युवक के चेहरे, आंख और सीने को निशाना बनाया, जिससे वह अधमरी हालत में सड़क पर ही गिर गया।

राहगीरों ने जब लहूलुहान हालत में युवक को देखा,तो तत्काल डायल-112 को सूचना दी गई जिस पर घायल युवक को माचलपुर पुलिस लाई। अस्पताल में जब परिजन पहुंचे,तो बालचंद की एक आंख सूजकर काली हो चुकी थी और मुंह से लगातार खून बह रहा था। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के दौरान, बालचंद ने अपनी आखिरी ताकत बटोरी और इशारों व लड़खड़ाती जुबान में तीनों आरोपियों के नाम साफ-साफ कह दिए। परिजनों ने सूझबूझ दिखाते हुए इस बेहद नाजुक पल का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जिसे कानून की भाषा में डाइंग डिक्लेरेशन (मृत्यु पूर्व कथन) कहा जाता है,कोर्ट में इस सबूत की अहमियत सबसे ऊपर होती है। गंभीर अंदरूनी चोटों और अत्यधिक खून बह जाने के कारण माचलपुर के डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल राजगढ़ के लिए रेफर कर दिया। परिजन आपातकालीन स्थिति में बालचंद को लेकर जिला मुख्यालय भागे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था, रास्ते में ही बालचंद के प्राण पखेरू उड़ गए। गुरुवार सुबह पुलिस बल की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम संपन्न हुआ और शव को परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस की तत्परता से तीनों आरोपी की हुई गिरफ्तारी

इस हत्याकांड के बाद ब्राह्मण गांव में पसरे आक्रोश को देखते हुए माचलपुर थाना पुलिस तुरंत एक्शन मोड में आ गई। थाना प्रभारी आदित्य सोनी के नेतृत्व में गठित टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर मुख्य आरोपी ओमप्रकाश दांगी, गिरिराज दांगी और मुकेश दांगी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके तुरंत बाद, तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

वर्कआर्डर जारी होने के बाद 5 महीने बीते

वार्ड-8 में सड़क व रिटेनिंग वॉल का मामला, निर्माण कार्य आरंभ न करने पर ठेकेदार को अल्टीमेटम दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय वार्ड क्रमांक-8 में पुरानी कोतवाली के नीचे छारबाग क्षेत्र में रिटेनिंग वॉल एवं सीसी सड़क निर्माण के लिए नगर पालिका द्वारा गत फरवरी माह में एक ठेकेदार को काम सौंपा गया था। नगर पालिका ने उक्त कार्य करने की समय सीमा छह माह निर्धारित की थी लेकिन वर्कआर्डर(कार्यादेश) जारी होने के 05 महीने बाद भी निर्माण एजेंसी मेसर्स अंबाजी कन्सट्रक्शन्स द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया है। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के निर्देशों पर नपा सीएमओ पवन अवस्थी ने निर्माण एजेंसी को पत्र जारी होने के 2 दिवस में निर्माण कार्य शुरू करने का अल्टीमेट पत्र प्रेषित किया है। जारी पत्र में उल्लेख है कार्य आरंभ न करने की दशा में अनुबंध निरस्त कार्य पी.जी. राशि राजसात करते हुए निकाय में ब्लेड लिस्टेड कर दिया जाएगा।

निर्माण शुरू न होने से आमजन परेशान

आपको बतादें कि उक्त सड़क निर्माण कार्य आरंभ न होने के चलते वार्डवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग उबड़-खाबड़ होने से पैदल राहगीरों को खासी परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। इसके साथ ही मार्ग की खस्ताहालत के चलते दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। चूंकि बारिश का मौसम है ऐसे में समस्या और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। ऐसे में स्थानीय रहवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर पालिका को अवगत कराया था। इसके उपरान्त जनहित को देखते हुए नपा ने ठेकेदार को अंतिम अल्टीमेटम पत्र जारी किया है।

बालिकाओं सुरक्षा आग्रह किया

पर्यावरण सहेजने छात्रावास में रोपे विभिन्न किस्मों के पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पौधे बच्चों के समान होते हैं जिनकी हमें तब तक देखभाल करनी होती है जब तक की वे बड़े होकर पेड़ न बन जाएं। पेड़ बनने पर उनकी देखभाल की आवश्यकता नहीं पडती है। ऐसे में जरूरी है कि आप सब बालिकाएं और स्टाफ आज रौपे जा रहे पौधों की नित देखभाल करें।

उक्त बात स्थानीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में आयोजित पौधरोपण के दौरान जिला शिक्षा केंद्र से आईं राजेश तोमर द्वारा कही गई। इस दौरान छात्रावास वार्ड कृष्णा गड़वाल ने आश्वस्त किया कि बच्चियों के साथ स्टाफ भी पौधों के सहेजने के कार्य को तन्मयता से करेगा। इस दौरान छात्रावास में नीम, गुलमोहर, आम सहित अन्य किस्मों के पौधों का रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि कस्तूरबा छात्रावास अपने बेहतर प्रबंधन और छात्रावास की बालिकाओं की सुरक्षा और उनकी देखभाल के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है। छात्रावास में बालिकाओं की सुविधा के लिए भोजन, पानी, नाश्ता इत्यादि के भी बेहतर इंतेजामात किए गए हैं।

सेवा सदन कार्यालय में जनसुनवाई, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

जनता की सेवा ही मेरा सबसे सर्वोच्च दायित्वः मंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर स्थित सेवा सदन कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र के आमजन के साथ एक आत्मीय मुलाकात और जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं, शिकायतों और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रशासन के सामने रखा। मंत्री गौतम टेटवाल ने जनता की इन बातों को बेहद गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर बात रखते हुए राज्यमंत्री डॉ टेटवाल ने कहा कि जनता की सेवा ही सबसे सर्वोच्च दायित्व है। जनता से मिलने वाला अटूट विश्वास और स्नेह ही निरंतर समाज के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित होकर कार्य करने की असली प्रेरणा देता है। हमारा यह प्रयास है कि क्षेत्र के हर नागरिक की समस्या का समय पर समाधान हो सके ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक आसानी से पहुंच सके।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी हुई शिकायतें मुख्य रूप से सामने आईं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और तय समय-सीमा के भीतर समस्याओं का निपटारा कर आम जनता को राहत प्रदान करें। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिला मंत्री मनोहर परमार, जनपद सदस्य राजेंद्र भीलाला, करण सिंह, अनिल, दिनेश भीलाला, मांगीलाल, राजेंद्र सहित क्षेत्र के कई प्रमुख लोग और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

नर्सिंग कॉलेज की सभी छात्राएं हुईं उत्तीर्ण, मनाई खुशियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजगढ़ ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की एक और मिसाल कायम करते हुए सत्र की बी.एस.सी. नर्सिंग (प्रथम सेमेस्टर) परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। अप्रैल 2026 में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में महाविद्यालय की सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुईं हैं। इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आगामी सत्रों में भी इस उपलब्धि को कायम रखने की अपेक्षा जाहिर की। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती मनीषा हटीला ने कहा कि यह सफलता छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजगढ़ विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफलता के लिए ही नहीं, बल्कि एक कुशल, संवेदनशील एवं सेवाभावी नर्सिंग प्रोफेशनल के रूप में तैयार करने के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। उल्लेखनीय है इस कॉलेज के लिए 15 शिक्षकों का स्टाफ स्वीकृत है जिसकी तुलना में सिर्फ 5 शिक्षक ही विभाग ने पदस्थ कर रखे हैं। इसके बावजूद सभी छात्राओं के उत्तीर्ण होने को एक बड़ी उपलब्धि कहा जा सकता है।